A – 271

Seat No.	

Total No. of Pages : 2

B.A. (Part - II) (Semester - III) Examination, May - 2019

हिन्दी (Hindi) (Optional) (Paper - III)

आधुनिक गद्य साहित्य

पाठ्यपुस्तक : साहित्य सौरभ

Sub. Code : 61937

कमला कॉलेज, कोल्हापूर ग्रंथालय क्रांतिवीर रंगराव... पाटील ग्रंथालय

Day and Date : Tuesday, 14 - 05 - 2019 **Total Marks : 50**

Time : 12.00 noon to 02.00 p.m.

सूचनाएँ : 1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

2) दाईं ओर लिखे अंक प्रश्न के गुण दर्शाते हैं ।

प्र.1) निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर वाक्य फिर से लिखिए । **[5]**

i) 'पत्नी' कहानी की पत्नी का नाम .... है ।

(सुनंदा / आनंदी / सुभद्रा / सुजाता)

ii) 'बड़े घर की बेटी' कहानी के लेखक .... है ।

(जैनेंद्र / यशपाल / प्रेमचंद / ओमप्रकाश वाल्मीकि)

iii) 'दुखवा मैं कासे कहूँ?' कहानी के बादशाह की पत्नी का नाम .... है ।

(रेश्मा / सलीमा / नुरजहाँ / जिनत)

iv) 'स्वर्णिम गौरव–गाथा' यह .... विधा की रचना है ।

(संस्मरण / निबंध / जीवनी / रेडिओ नाटक)

v) विवेकानंद का आरंभ का नाम .... है ।

(वीरभद्र / वीरेश्वर / वीरदत्त / वीरदास)

P.T.O.

प्र.2) निम्नलिखित अवतरणों में से किन्हीं तीन का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए । [15]

अ) "वे शहर में नहीं है । शादी अटेंड करके कल रात में ही राजधानी चलें गये है । कब तक लौटेंगे, पता नहीं ।"

ब) "स्त्री गालियाँ सह लेती है, मार भी सह लेती है, पर मैके की निंदा उनसे नहीं सहीं जाती ।"

क) "हाय! बदशाहों की बेगम होना भी क्या बदनसीबी है ! इंतजारी करते-करते आँखें फूट जाएं, मिन्नतें करते-करते जबान घिस जाए, अदब करते-करते जिस्म के टुकडे-टुकडे हो जाए, फिर भी इतनी-सी बात पर कि मैं जरा सो गई, उनके आने पर जाग न सकी, इतनी सजा ! इतनी बेइज्जती !"

ड) "आप लोगों को भूख नहीं लगी है क्या? उनकी तबीयत खराब है, इससे यहाँ तो खाना बना नहीं । बताओ क्या किया जाए? कहीं होटल चलें?"

इ) "इस घर का तो रिवाज ही है । औरत सिर्फ इस्तेमाल की चीज है । इस घर में रिश्तों की मर्यादा का कोई मतलब ना है बहू । जिंदगी सुख-चैन से काटनी है तो समझौता कर लें ।"

प्र.3) निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए । [15]

अ) विवेकानंद की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए ।

ब) सूर्यबाला ने वर्तमान नेताओं की पोल कैसे खोली हैं?

क) 'स्वर्णिम गौरव-गाथा' नाटक का आशय बताइए ।

ड) 'नाखून क्यों बढ़ते हैं?' निबंध का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए ।

इ) 'बहुत दिनों बाद' डायरी अंश का आशय लिखिए ।

प्र.4) 'जिनावर' कहानी की कथावस्तु लिखिए । [15]

अथवा

भीष्म साहनी ने यशपाल को नए संसार का अग्रदूत क्यों कहा है?

▽▽▽▽